वित्त मंत्री तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) से (घ) : भारतीय स्टेट बैंक समूह ने पथदर्शी (पायलट) आधार पर एक समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम लागू किया है जिसके अधीन उनकी लगभग 250 शाखाएं समेकित विकास के वास्ते एक-एक ग्राम को अंगीकृत करेंगी। वित्तीय व्यय अभी निर्धारित नहीं किया गया है परन्तु यह स्थानीय संभावनाओं पर निर्भर होगा। प्रथम चरण में, इन ग्रामों में कृषि और गैर-कृषि गतिविधियों के वित्त पोषित किया जायेगा। इसके बाद ग्रामवासियों को पीने के पानी, सड़कों, स्वास्थ्य केन्द्रों जैसी ग्राम सामाजिक आवश्यकताओं को सरकार और स्वैच्छिक निकायों के सहयोग से पूरा किया जायेगा। मध्य प्रदेश में 24 ग्राम और बिहार ; 15 ग्राम, अधिकांशत: पिछड़े जिलों में, इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अंगीकृत किये गये हैं।

1978 के दौरान, बैंक आफ बड़ोदा का ग्रामीण विकास के लिए मध्य प्रदेश और बिहार प्रत्येक में चार ग्राम विकास केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत, वित्तीय सहायता केवल कृषि और ग्राम उद्योगों के विकास के लिए, विशेषत: उन छोटे ऋणकर्त्ताओं को उपलब्ध करायी जायेगी जिनके लिए यह योजना तैयार की गई है। बिहार में निम्नलिखित प्रत्येक शाखा में एक केन्द्र अवस्थित है :—

(1)	उमानगर	(मुजफ्फरपुर जिला)
(2)	चकुलिया	(सिंहभूमि जिला)
(3)	गुलाब बाग	(पूर्णिया जिला)
(4)	टिकारी	(गया जिला)

यह बैंक 1978 के दौरान देश भर में ऐसे 100 केन्द्र स्थापित करना चाहता है ?

सरकार बैंकों से निरन्तर अनुरोध कर रही है कि वे समेकित ग्रामीण विकास के लिए ऋण उपलब्ध करायें।

बिहार में नालन्दा जिले में बेरोजगार स्नातकों को राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा दिया गया ऋण

569. **श्री वीरेन्द्र प्रसाद** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मार्च, 1977 से जनवरी, 1973 के बीच राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा बिहार के नालंदा जिले में कितने बेरोजगार स्नातकों को ऋण दिया गया और कितनी राशि का ऋण दिया गया ; और

(ख) क्या राष्ट्रीयकृत बैंकों ने गत दो महीनों से ऋण देना बंद कर दिया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) और (ख) यथा सम्भव सूचना इकट्ठी की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी।

चोटी के बीस धनी लोगों के सम्पत्ति कर का निर्धारण

570. **श्री राघव जी** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश ; सम्पत्ति-कर के निर्धारण पर चोटी के बीस धनी व्यक्तियों के नाम क्या है ;